म.प्र.पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, इंदौर
जी.पी.एच. कंपाउंड पोलोग्राउंड, इंदौर – 452003
ई-मेल : mppkvvcl.apprentice@gmail.com

क्र.प्रनि/पक्षे/01/मा.स. 14510 इन्दौर/दिनांक 18 OCT 2022

विज्ञप्ति

स्नातक एवं डिप्लोमा/ तकनीकी (डिप्लोमा) अप्रेंटिस के नियोजन बावत्

शासकीय मान्यता प्राप्त इंजीनियरिंग/ पॉलिटेक्निक कॉलेज के वर्ष 2020-2022 के मध्य उत्तीर्ण स्नातक / डिप्लोमा योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों से एक वर्ष के अप्रेंटिस प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र संलग्न प्रपत्र- 'क' में आमंत्रित किये जाते है :

क्र.	विवरण	रिक्त स्थानों की संख्या				
		अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	कुल
1	स्नातक अप्रेंटिस	20	6	8	5	39
2	तकनीकी (डिप्लोमा) अप्रेंटिस	15	5	6	4	30
	कुल	35	11	14	9	69

1. **अनिवार्य शैक्षणिक/ तकनीकी (डिप्लोमा) अप्रेंटिस योग्यता** :- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल /इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स/ सिविल इंजीनियरिंग/ कम्प्युटर साइंस/ आई.टी./ इलेक्ट्रानिक्स/ टेलीकम्युनिकेशन/ इंस्ट्रूमेन्टेशन में स्नातक/ डिप्लोमा कोर्स ।
2. **शाखावार आवंटन** :- कंपनी क्षेत्रांतर्गत स्नातक/ तकनीकी (डिप्लोमा) अप्रेंटिस हेतु विभिन्न शाखाओं के रिक्त स्थानों का शाखावार आवंटनः-

स.क्र.	शाखा	स्नातक अप्रेंटिस	तकनीकी (डिप्लोमा) अप्रेंटिस	कुल
1	इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स	30	22	52
2	सिविल	2	2	4
3	इलेक्ट्रानिक्स/ टेलीकम्युनिकेशन/ इंस्ट्रूमेन्टेशन/इलेक्ट्रानिक कम्युनिकेशन	4	3	7
4	कम्प्युटर/ आई.टी.	3	3	6
	कुल	39	30	69

3. **प्रशिक्षण अवधि** : चयनित प्रशिक्षुओं को अप्रेंटिस एक्ट 1961 तथा उक्त अधिनियम के संशोधनों के नियमानुसार 1 वर्ष का मैदानी प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा।

4. **प्रशिक्षु भत्ता :** स्नातक अप्रेंटिस को **रू.9000/-** प्रतिमाह तथा तकनीकी अप्रेंटिस को **रू.8000/-** प्रतिमाह प्रशिक्षु भत्ता प्रदान की जावेगी ।

5. **आवेदन की प्रक्रिया:-**

I. आवेदक www.mhrdnats.gov.in वैबसाइट में रजिस्टर/ एनरोल कराएं।

II. आवेदन संलग्न प्रपत्र में उचित प्रविष्टि कर डाक द्वारा/व्यक्तिगत रूप से- **उप महाप्रबंधक (मा.सं.) प्रशिक्षण सेल, कार्पोरेट कार्यालय, म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं.लि.इन्दौर जी.पी.एच. कंपाउंड पोलोग्राउंड, इंदौर- 452003** को प्रेषित करें। आवेदन के साथ निम्न दस्तावेज आवश्यक रूप से संलग्न करें- NATS रजिस्ट्रेशन, शैक्षणिक, जाति, म.प्र.मूल निवासी, पहचान प्रमाण पत्र, 10वीं की अंकसूची/ जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (अन्य पिछडा वर्ग हेतु) ।

III. कार्यालय में डाक द्वारा /व्यक्तिगत रूप से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31/10/22 है।

6. **सामान्य नियम एवं शर्ते :-**

I. प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण समाप्त होने पर कंपनी में कोई नियुक्ति नहीं दी जावेगी या अन्य माध्यमों से संलग्न किया जावेगा ।

II. आवेदक अपना आवेदन एवं सम्पूर्ण जानकारी निर्धारित प्रपत्र में उल्लेखित संलग्नकों सहित प्रमाणित/सत्यापित/ स्वयं सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ प्रस्तुत करे। आवेदन पत्र में अपूर्ण/ त्रूटिपूर्ण जानकारी/असत्य जानकारी देने पर/ आवेदन के साथ निर्धारित दस्तावेज नहीं संलग्न करने पर/ अंतिम तिथि के उपरांत आवेदन प्राप्त होने पर ऐसे आवेदनों को निरस्त कर दिया जावेगा।

III. प्राप्त आवेदनों एवं उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर चयनित प्रशिक्षुओं को 1 वर्ष के प्रशिक्षण हेतु अनुबंधित किया जावेगा तथा आवश्यकतानुसार अधीनस्थ मैदानी कार्यालयों में पदस्थ किया जावेगा । प्रशिक्षण अवधि में अभ्यर्थीयों को निर्धारित मैदानी कार्यालयों में पूर्ण प्रशिक्षण ग्रहण करना होगा तथा उक्त अवधि में अन्य स्थान पर स्थानान्तरण नहीं किया जावेगा।

IV. प्रशिक्षुओं का शाखावार चयन स्नातक/डिप्लोमा योग्यता में प्राप्तांकों की प्रवीण्य सूची के आधार पर किया जावेगा। प्राप्तांक समान होने पर अधिक आयु वाले आवेदक का चयन किया जावेगा।

V. स्नातक/ तकनीकी (डिप्लोमा) अप्रेंटिस की शाखावार रिक्तियों हेतु योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने की स्थिति में उक्त शाखा की रिक्तियों को समायोजित कर अन्य उपलब्ध शाखा के स्नातक/ तकनीकी अप्रेंटिस द्वारा भरा जा सकेगा।

VI. अनु.जाति/ अनु.ज.जा./ अन्य पिछडा वर्ग हेतु आरक्षण केवल म.प्र.मूल निवासी आवेदकों के लिए है। आरक्षित पदों हेतु योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं होने पर इन रिक्तियाँ को अन्य आरक्षित वर्ग के आवेदकों द्वारा भरा जा सकेगा तथापि योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने पर उक्त रिक्तियाँ अनारक्षित वर्ग के आवेदकों द्वारा भरा जा सकेगा।

VII. अन्य पिछडा वर्ग के आरक्षण के संदर्भ में याचिका माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर म.प्र. में लंबित है इस हेतु उक्त संबंध में जारी अंतरिम आदेश निर्देशानुसार लागू किया जायेगा ।

VIII. विद्युत कार्य का स्वरूप घातक/ खतरनाक होने के फलस्वरूप दिव्यांग वर्ग हेतु आरक्षण प्रदाय नहीं किया गया है।

IX. आवेदन के संबंध में अन्य जानकारी हेतु:- ई-मेल : mppkvvcl.apprentice@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

18/10/22

मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.एवं प्रशा.)